हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 247 देहरादून, सोमवार, 27 मार्च, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



सीएम धामी ने की माँ डाट काली मन्दिर में सपरिवार पूजा-अर्चना

3

# पीएम मोदी की स्वर्णिम योजना 'दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे' को लेकर मुख्यमंत्री धामी गंभीर, कसे अधिकारियों के पेंच

## दबंग मुख्यमंत्री धामी की धमक से सुरंग में दौड़े एनएच अधिकारी और हाफने लगे पीडब्ल्यूडी वाले

मो.सलीम सैफी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,26,मार्च।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के तहत उत्तराखण्ड में चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने डाटकाली के निकट एलीवेटेड रोड के निर्माण कार्य एवं डाटकाली में बन रहे टनल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे से सबंधित जो भी कार्य होने हैं, उनमें तेजी लाने के लिए एनएचएआई को जो भी आवश्यक सहयोग चाहिए होगा, राज्य की ओर से दिया जायेगा, ताकि कार्यों में किसी भी प्रकार से विलंब न हो। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उत्तराखण्ड में होने वाले कार्यों के लिए रात्रि में भी अनुमति दी गई है।

**मुख्यमंत्री की दिलचस्पी से तेज़ हुई दिल्ली - देहरादून एक्सप्रेसवे की निर्माण गति**

**देश की अनोखी एलिवेटेड एक्सप्रेसवे जो गुजरेगी जंगलों के ऊपर से**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे बन जाने के बाद दिल्ली से देहरादून की दूरी मात्र दो से ढ़ाई घण्टे में पूर्ण होगी। इस परियोजना के पूर्ण होने से उत्तराखण्ड को बहुत फायदा होगा। दिल्ली और उसके आस-पास के लोगों को उत्तराखण्ड आने में काफी सुगमता होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में जिस तेज गति से सड़क कनेक्टिविटी बढ़ रही है। इससे आने वाले समय में राज्य में आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी आयेगी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर कार्य कर रहे श्रमिकों से बातचीत की और उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने एनएचआई के अधिकारियों से कहा कि इन श्रमिकों के स्वास्थ्य, रहने एवं खाने की व्यवस्थाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि मार्च 2024 तक एक्सप्रेसवे के कार्यों को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रयास किये जा रहे हैं, कि उससे पूर्व ही ये कार्य पूर्ण किये जाएं। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग अयाज अहमद, जिलाधिकारी देहरादून सोनिका, अपर सचिव विनीत कुमार एवं एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित थे।













# मां नयना देवी में क्या है चुनरी बांधने का महत्व ?




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 मार्च , चाहे आप घूमने के शौक़ीन हों या न हों आपने नैनीताल का नाम अवश्य सुना होगा।उत्तराखंड राज्य के इस शहर का शुमार भारत के सबसे खूबसूरत शहरों में है। साथ ही इसे झीलों के शहर या लेक डिस्ट्रिक्ट के रूप में भी जाना जाता है। इस शहर की स्थापना यहां मौजूद नैनी झील के कारण हुई है, कहते हैं यहां देवी सती की आँखें गिरी थी। तो इसी क्रम में आज हम आपको बता रहे हैं नैनीताल के नैना देवी मंदिर की महिमा



**अद्भुत है नयना देवी मंदिर की मान्यता**

नैनीताल में, नैनी झील के उत्तरी किनारे पर नैना देवी मंदिर स्थित है। आपको बता दें कि नैनी देवी मंदिर का शुमार प्रमुख शक्तिपीठों के रूप में भी होता है। ज्ञात हो कि 1880 में भूस्खलन से यह मंदिर नष्ट हो गया था। बाद में इसे दोबारा बनाया गया। यहां सती के शक्ति रूप की पूजा की जाती है। मंदिर में दो नेत्र हैं जो नैना देवी को दर्शाते हैं। नैनी झील के बारे में माना जाता है कि जब शिव सती की मृत देह को लेकर कैलाश पर्वत जा रहे थे, तब जहां-जहां उनके शरीर के अंग गिरे वहां-वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई।

नैनी झील के स्थान पर देवी सती के नेत्र गिरे थे। इससे प्रेरित होकर इस मंदिर की स्थापना की गई है। मान्यता है कि यहां देवी के नयनों की अश्रुधार से एक ताल का निर्माण हुआ। तबसे निरन्तर यहाँ पर शिवपत्नी नन्दा (पार्वती) की पूजा नैना देवी के रूप में होती है। आपको बता दें कि आज इसी ताल को नैनी झील के नाम से जाना जाता है, और हर साल लाखों पर्यटक यहां घूमने आते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ई वॉलट में रकम भिजवाने का झांसा देकर ठगी

देहरादून। ई वॉलट में रकम भिजवाने का झांसा देकर वकील को एक लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर ठगी को लेकर सुभाष रोड निवासी डीपी विजल्वाण की तहरीर पर शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में उन्होंने कहा कि 18 मार्च को उनके पास एक अंजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को विजय बताया। वकील बोले कॉल करने वाले की आवाज भी उनके परिचित विजय से मिल रही थी। उसने कहा कि उसका गूगल पे काम नहीं कर रहा है और उसे किसी से उसके जरिए रकम मंगवानी है। इस तरह झांसे में लेकर पीड़ित से बार कोड स्कैन कराया और उनके खाते से एक लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धर्मपुर वार्ड में सफाई अभियान चलाया

देहरादून। नगर निगम की ओर से रविवार को धर्मपुर वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान पूर्व मेयर व विधायक विनोद चमोली ने स्वच्छ वार्ड सुंदर दून अभियान की सराहना की। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में प्रत्येक व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। तभी स्वच्छता सर्वेक्षण में निगम को टॉप 50 रैंक प्राप्त हो सकेगी। वहीं मेयर सुनील उनियाल गामा ने अभियान शुरू करने से पहले उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी शहीद राजेश रावत पोलू के स्मारक पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद अमित भंडारी, महानगर अध्यक्ष महिला मोर्चा अर्चना बागड़ी, पूर्व पार्षद नीरू देवी भट्ट, संगीता खन्ना, जागेश ममगाईं, पुष्पा रतूड़ी, मंजू शर्मा आदि शामिल रहे।

### घर में खड़ी डाक्टर की कार से सामान चोरी

देहरादून। घर में खड़ी डाक्टर की कार का शीशा तोडक़र चोरी हो गई। नेहरू कॉलोनी थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि डा. पल्ल्वी कठैत निवासी लेन नौ फुलदेई एंक्लेव, बद्रीपुर रोड जोगीवाला ने तहरीर दी। कहा कि 23 मार्च की रात कार घर के अंदर खड़ी थी। 24 मार्च की सुबह देखा तो कार एक शीशा टूटा था। अंदर से एक बड़ा ऑक्टो स्कोप, तीन छोटे ऑक्टो स्कोप, एक हेड लाइट, नाम देखने वाली लाइट और पांच हजार रुपये चोरी हो गए। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार की टक्कर से बच्चा घायल

हल्द्वानी। ट्यूशन जा रहे बच्चे को मुखानी में तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। हरिपुर नायक निवासी रमेश बसेड़ा ने बताया कि उनका पोता कुनाल (10) ट्यूशन के लिए गया था। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिसे निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। उन्होंने मुखानी पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मुखानी एसओ रमेश बोहरा ने बताया कि अज्ञात पर केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### ससुरालियों पर मारपीट का आरोप लगाया

हल्द्वानी। बरेली रोड आईटीआई निवासी कीर्ति चौहान ने ससुरालियों पर मारपीट और मानसिक प्रताडऩा का आरोप लगाया है। कहना है कि उनका विवाह नवंबर 2019 में अवधेश चौहान के साथ हुआ था। आरोप लगाया कि पति के अलावा सास अनीता, देवर विष्णु चौहान आए दिन उनके साथ मारपीट करते हैं। बार-बार उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हैं।

# 'गर्भ संस्कार' में जानिए भ्रूण के 9 महीने की ज़िंदगी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 मार्च , हमारे देश में गौर कीजियेगा तो एहसास होगा कि कुछ साल पहले पेरेंट्स बोलते थे कि मेरे बच्चे को 'आईआईटियन' बना दो। लेकिन अब दंपती कहते हैं कि बेटा 'आईआईटियन' बने या न बने, वो बुरी चीजों से दूर रहे। बस सही राह पर चले और माता-पिता की सेवा करे। लोग पुराने मूल्यों की तरफ लौट रहे हैं। आजकल के पेरेंट्स संस्कारी बच्चा चाहते हैं।

हाल ही में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की एक शाखा 'संवर्धिनी न्यास' ने बच्चों को मां के गर्भ में ही संस्कार देने के लिए 'गर्भ संस्कार' अभियान शुरू किया है। इसमें गर्भवती महिलाओं को गीता, रामायण, शिवाजी महाराज और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन और संघर्ष के बारे में जानकारी देने की बात कही गई है। तो चलिए आपको बताते हैं नौ महीने गर्भ में कैसा होता है भ्रूण से शिशु बनने सफर

**गर्भ में भ्रूण करता है जीवन की तैयारी**

ब्रिटेन की वेबसाइट 'बेबी सेंटर' पर पब्लिश एक रिपोर्ट के मुताबिक, मां का गर्भ बच्चे के लिए सेंसरी प्लेग्राउंड है। 10 हफ्ते का होते ही गर्भ में बच्चा हिलने-डुलने लगता है और अपने नन्हे हाथ-पैरों से अंगड़ाई भी लेता है। 23 हफ्ते का होते ही वह मां की और दूसरी आवाजों पर ध्यान देना शुरू करता है। यहां तक कि मां जो खाना खाती है, उसका स्वाद भी लेता है। जब कोई बेबी बंप को छूता है तो वह उस पर प्रतिक्रिया भी देता है। यह बताता है कि बच्चा जन्म के बाद अपनी जिंदगी जीने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में अच्छी कहानियां पढ़ना, संगीत सुनना और यहां तक कि अपने बच्चे से बात करने से भी उसका दिमागी विकास बेहतर होता है।






**आखिरी के 10 हफ्तों में मां की हर बात सुनता है बच्चा**

पैसिफिक लूथरन यूनिवर्सिटी, वॉशिंगटन की एक स्टडी कहती है कि आखिरी के 10 हफ्तों में बच्चा मां की हर बात सुन सकता है। बच्चा इस समय मां की हर बात ध्यान से सुनता है। क्योंकि, गर्भ में बच्चे के 30 हफ्ते में ही सेंसरी ऑर्गन (ज्ञानेन्द्रियां) पूरी तरह विकसित हो जाते हैं और सुनने के लिए ब्रेन भी काम करने लगता है।

**गर्भ में बच्चा शब्द नहीं, पर आवाज की लय और पैटर्न समझने लगता है**

स्टडी में यह भी कहा गया है कि गर्भ में पल रहा बच्चा शब्दों को तो नहीं समझ सकता, मगर आवाज की लय और उसके पैटर्न को जरूर समझता है।खास बात यह है कि गर्भ में बच्चा भाषाओं में फर्क करना भी जान जाता है। वह मां की मातृभाषा और बाहरी भाषा में इसी लय और पैटर्न के आधार पर आसानी से अंतर कर पाता है।

**गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए पहली टीचर है मां**

मां गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए टीचर है। अगर मां दो भाषाओं की जानकार है तो बच्चे में भी दोनों भाषाओं की समझ उसके ब्रेन के विकास के साथ पनपने लगती है। जन्म के बाद बच्चा उन भाषाओं को सीखने में ज्यादा सहज हो पाता है। यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन में इंस्टीट्यूट फॉर लर्निंग एंड ब्रेन साइंसेज की सह लेखक पैट्रिशिया कुहल कहती हैं कि मां गर्भ में पल रहे बच्चे के दिमाग को प्रभावित करती है। वह जो भी बोलती है, उसका असर भ्रूण के मस्तिष्क पर पड़ता है।

**कानों में भरा होता है फ्लूइड, जिससे सुन पाने में सक्षम**

अमेरिका की पेन स्टेट यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी के प्रोफेसर रिक गिलमोर कहते हैं कि बच्चा गर्भ में मां की बॉडी से बाहरी दुनिया की सूचनाएं लेता रहता है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैरोलिना की एक स्टडी में कहा गया है कि गर्भकाल के 16 हफ्ते में विकसित हो रहा भ्रूण बाहरी दुनिया की आवाजों को ग्रहण करना शुरू कर देता है। उसके कान एम्ब्रियॉनिक फ्लूइड से भरे होते हैं, जिससे आवाजें टकराती हैं, वहीं एब्डॉमिनल टिश्यूज ऑडिबल मशीन का काम करते हैं, जिससे बच्चा हल्की आवाजें सुन पाता है।

# 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे हेल्थ ए.टी.एम का उद्घाटन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 27 मार्च , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं निदेशक कार्पोरेट अफेयर एण्ड सी.एस.आर. हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज (H.P.E) के मध्य 50 हेल्थ ए.टी.एम. को गढ़वाल मण्डल के चिन्हित चिकित्सा इकाईयों में स्वास्थ्य स्क्रीनिंग हेतु अनुबन्ध हस्ताक्षरित किया गया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा में हेल्थ ए.टी.एम. की सुविधा होने से श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। चारधाम यात्रा मार्ग पर चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढीकरण के लिए यह एक अच्छा कदम होगा।

मुख्यमंत्री ने मानस खण्ड स्थित पवित्र स्थानों मानसरोवर यात्रा, बैजनाथ धाम, कैंची धाम, पूर्णागिरी, चितई धाम के लिए भी हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज हेल्थ ए.टी.एम. सुविधा प्रदान करने की अपेक्षा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केदारखण्ड की तर्ज पर मानस खण्ड हेतु भी सी.एस.आर. के अन्तर्गत ये सेवायें हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज जनहित में प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां न हो, इसके लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को लगातार बेहतर बनाया जा रहा है। हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के निदेशक अंकुर मल्होत्रा ने कहा कि सी.एस.आर. के अन्तर्गत उपलब्ध कराये जा रहे हेल्थ ए.टी.एम. द्वारा 70 से अधिक परीक्षण किये जा सकेंगे एवं टेली मेडिसिन सेवायें भी प्रदत्त की जायेंगी। हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के द्वारा 24 घण्टे ये सेवायें प्रदान की जायेंगी। सभी उपकरण स्थापित होने से आगामी 03 माह तक हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के इंजीनियरों द्वारा हेल्थ ए.टी.एम. की देखरेख की जायेगी। अद्यतन हेल्थ ए.टी.एम. हेतु 01 वर्षीय सी.एम.सी. सेवायें भी हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज द्वारा प्रदान की जायेंगी। हेल्थ ए.टी.एम. का शुभारम्भ 24 अप्रैल 2023 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

इस अवसर पर सचिव शैलेश बगोली, डा.आर.राजेश कुमार, अपर सचिव अमनदीप कौर, महानिदेशक स्वास्थ्य डा. विनीता शाह, निदेशक स्वास्थ्य डा. सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डा. आशुतोष सयाना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. संजय जैन, संयुक्त सचिव महावीर सिंह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रतिनिधि डा. अजय नागरकर, हेवलेट पैकर्ड एंटरप्राइज के कार्पोरेट अफेयर हेड सुशील भाट्ला, सीनियर प्रोग्राम मैनेजर ईशान अग्रवाल, सी.एस.आर. एवं विवेक अग्रवाल उपस्थित थे।

# सीएम धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 99 वां संस्करण सुना




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम का 99 वां संस्करण सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में अंगदान जैसे पुण्य कार्य से दूसरे लोगों के जीवन को सहारा देने की बात कही है । मुख्यमंत्री ने कहा अंगदान के क्षेत्र में हम सभी को आगे बढना होगा, जिससे अनेक लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की बात भी प्रधानमंत्री जी ने मन की बात में की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य में भी लगातार कार्य हो रहे है, उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस दिशा में और प्रयास किए जाय। राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव सहायता की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम हमेशा प्रेरणादाई होता है। 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री जी के मन की बात का 100वां संस्करण होगा। इससे इस कार्यक्रम की लोकप्रियता को समझा जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश, एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल भी उपस्थित थे।



## सीएम धामी ने की माँ डाट काली मन्दिर में सपरिवार पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को माँ डाट काली मन्दिर, देहरादून में सपरिवार पूजा-अर्चना कर समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कन्या पूजन भी किया।



# शकुंतला खंडूडी को गौरा देवी स्मृति सम्मान से नवाजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग तथा पर्वतीय विकास शोध केंद्र के तत्वावधान में चिपको आंदोलन के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गौरा देवी स्मृति सम्मान एवं व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया।

इस मौके पर खिर्सू ब्लॉक के खंडाह के समीप मरोड़ा गांव की 80 वर्षीय शकुंतला खंडूडी को कृषि, उद्यान एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए गौरा देवी स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान उन्हें हिमालयी विवि के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी पचौरी, गढ़वाल विवि की मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान की डीन प्रो. हिमांशु बौडाई और समाज शास्त्र एवं सामाजिक कार्य विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. किरन डंगवाल के हाथों से प्रदान किया गया।

सम्मान के रूप में उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट किए गए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि हिमालयी विवि देहरादून के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी पचौरी ने कहा कि चिपको आंदोलन का एक विशेष पहलू यह है कि इससे हिमालय क्षेत्र में सदियों से कुंठित महिलाओं को अपनी शक्ति से परिचित करवाया।

कहा पर्यावरण संरक्षण में चिपको आंदोलन में गौरा देवी द्वारा किए गए कार्य भारत में ही नहीं अपितु पूरे विश्व में दिखाई देते हैं।

अध्यक्षता करते हुए मानवीकी एवं सामाजिक विज्ञान की डीन प्रो. हिमांशु बौड़ाई और प्रो. किरन डंगवाल ने कहा कि आज हर किसी सफल आंदोलन में महिला यहां सबसे पहले दिखाई देती है। चाहे वह उत्तराखंड में शराब विरोधी आंदोलन हो या पृथक उत्तराखंड राज्य आंदोलन सभी आंदोलनों में महिलाओं ने अपनी स्पष्ट और प्रशंसनीय भागीदारी दी है।

कार्यक्रम में पर्वतीय विकास शोध केंद्र के नोडल अधिकारी डा. अरविंद दरमोड़ा, हिमालय बचाओ आंदोलन के समीर रतूड़ी, डा. दिनेश चौधरी, अंशीलाल, अंकित उछोली, राजेंद्र बिष्ट, धारणा शर्मा, वंदना डंगवाल, शिवानी आदि मौजूद रहे।

# नवनिर्मित आढ़त बाजार परिसर में सड़क 30 मीटर से कम नहीं : सोनिका, डीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 27 मार्च , जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में आढ़त बाजार स्थानातंरित किए जाने के संबंध में व्यापारियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आढ़त बाजार सड़क चैड़ीकरण हेतु शासकीय एवं व्यक्तिगत संपत्तियों का चिन्ह्नीकरण करते हुए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। इस दौरान व्यापारियों ने आढत बाजार स्थानान्तरण प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आढ़त बाजार को स्थानातंरित किए जाने वाले स्थान पर मूलभूत सुविधाओं को भी ध्यान में रखकर ले आउट बनाने तथा नवनिर्मित आढ़त बाजार परिसर में सड़क 30 मीटर से कम न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने आढ़त बाजार स्थानातंरण योजना पर तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जा सके। उन्होंने एमडीडीए को निर्देश दिए कि आढ़त बाजार चैड़ीकरण में जिन विभागों की संपत्ति आ रही है उनको पत्राचार करें, तथा अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए।

बैठक में व्यापारियों ने आढ़त बाजार स्थानातंरण कार्यों की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु राज्य सरकार एवं जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। कहा कि व्यापारियों को दिए जाने वाले स्थान पर स्वामित्व दिलाया जाए जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार प्रक्रिया संपादित करते हुए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, अर्बन प्लानर अजय बक्सी, ट्रांसपोर्ट प्लानर राहुल कपूर, अधि0अभि0 एमडीडीए सुनील कुमार, अधि0अभि0 लोनिवि प्रवीन कुमार, आरआई एमडीडीए नजीर अहमद, महासचिव आढ़त बाजार ऐसोसिएशन विनोद गोयल, सह सचिव संदीप गोयल, सदस्य विनित कुमार, मनोज बंसल, मनोज गोयल आदि उपस्थित रहे।

# सोलफिट द्वारा आयोजित मिलेट कार्निवल में शैला, आशीष व सरला आनंद ने मारी बाज़ी

## अंजना भाई एवं मां गंगा हॉस्पिटैलिटी इंस्टीट्यूट के छात्रों ने भी दिखाएं कुकिंग के गुर





मो.सलीम सैफी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,26 मार्च । सोल फिट द्वारा आयोजित मिलेट कार्निवल में ऋषिकेश की श्रीमती शाला देहरादून से आशीष व सरला आनंद ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहकर खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार एवं नेशनल वाइस प्रेसिडेंट भारतीय जनता युवा मोर्चा नेहा जोशी मौजूद रहे।जानकारी देते हुए उनकी आयोजक रूपा सोनी ने बताया कि आज के कार्यक्रम में ना सिर्फ एक मिलेट कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया है वही एक प्रदर्शनी भी लगाई गई है और ऐसे उद्यमियों को मौका दिया गया है अपने उत्पाद प्रस्तुत करने का जो मिलेट के क्षेत्र में कुछ नया कर रहे हैं। कार्यक्रम में रोजमर्रा की जिंदगी में मिलेट्स का उपयोग विषय पर एक व्याख्यान भी प्रस्तुत किया गया जिसमें बतौर स्पीकर महिला उद्यमी एवं शेफ दीपा चावला पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट अमित पोखरियाल आयुर्वेदाचार्य शिखा प्रकाश एवं डायटिशियन मुक्ता पाटिल मौजूद थे। प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए व्यंजनों को जज करने के लिए शेफ राहुल वली, शेफ सिद्दक, ऑथर राइटर शेफ स्मृति हरी मौजूद थे।






# तीन दिवसीय शक्ति महासम्मेलन हुआ शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। भवन श्री कालिका माता समिति के 70 वें वार्षिक ध्वजारोहण पर्व के मौके पर तीन दिवसीय शक्ति महासम्मेलन प्रारंभ हुआ। जिसमें जंगम शिवालय व टपकेश्वर महादेव मंदिर के महंत श्री कृष्ण गिरी महाराज, स्वामी रवि गिरी, स्वामी सुखदेवाचार्य, स्वामी परमानंद, स्वामी भास्कर चेतन, पंडित दयाकांत शास्त्री, राघव पांडे ने शक्ति तत्व पर अपने विचार रखे। सम्मेलन का आरंभ श्री गीता एवं रामायण पाठ से हुआ। शक्ति तत्व पर संतों ने कहा कि कालिका भवन के संस्थापक बालयोगी सर्व दास ने 1954 में शक्ति सम्मेलन का आयोजन शुरू किया था। उनके द्वारा लगाया गया यह वृक्ष आज सभी को लाभान्वित कर रहा है। शक्ति तत्व पर संतों ने कहा कि गुरु कृपा से ही शक्ति प्राप्त होती है। वर्तमान में मातृशक्ति ही शक्ति का स्वरुप है। परमात्मा के नजदीक पहुंचने का रास्ता मातृशक्ति की आराधना से प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर रमेश साहनी, दयाल धवन, राम स्वरुप भाटिया, अशोक लांबा, नरेश मैनी, भारत शर्मा, कुंवर राजेंदर वर्मा, विजय अरोड़ा, रमेश चंद्रा, महेश डोरा, केवल आनंद, तमेश्वर सूरी, कमल अरोड़ा, संजय आंनद, मुरली चांदना, उमेश मिनोचा, सतीश मेहता, नीरज जिंदल, सतीश कक्कड़ मौजूद थे।

सेना के जवानों ने की वैष्णों देवी गुफा में आराधना

भारतीय सेना के जवानों ने माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर में पहुंचकर विशेष पूजा अर्चना की। पांचवे दिन स्कंदमाता की आराधना की गई। माता वैष्णो देवी गुफा योग मंदिर टपकेश्वर देहरादून में आयोजित विशेष चैत्र नवरात्रि पूजा अनुष्ठान में पंचमी तिथि पर सुबह से ही प्रेम से बोलो जय माता दी, मिलकर बोलो जय माता दी जैसे जय घोष लगाते भक्तजन दरबार में पहुंच रहे थे। माता रानी को चुन्नी, नारियल श्रृंगार आदि अर्पित कर अपने परिवार की सुख शांति और समृद्धि की मंगल कामनाएं कर रहे थे।

प्रातः विशेष पूजा अर्चना दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ साथ सायंकाल में विशेष श्रृंगार और आरती की गई। मौके पर मंदिर के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु आचार्य बिपिन जोशी, डॉ. मथुरा दत्त जोशी, भगवती जोशी, गीता जोशी, आचार्य महेश उपाध्याय, गणेश बिज्लवाण, अरविंद बडोनी मौजूद रहे।

# युवकों के गुट ने काटा उपद्रव, एक का सिर फोड़ा

हल्द्वानी। शहर में अराजकता फैला रहे युवकों का आतंक रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ अराजकतत्वों ने दोस्त से मिलने गए युवक का सिर फोड़ दिया। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीपल पोखरा फतेहपुर निवासी चंदन सिंह मनराल का कहना है कि शनिवार रात वह दोस्त से मिलने गांधी आश्रम के पास गया था। इस दौरान आरोपी कन्नू रावत और गणेश बरगली वहां पहुंच गए। दोनों युवक अपने साथियों के साथ हंगामा काटने लगे। इस बीच बिना बात के आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर कन्नू रावत ने उनके सिर पर ईट से हमला कर दिया। इससे उनका सिर फट गया। इस बीच चीख पुकार सुनकर उनके परिचित तनुज रावत, सुदंर निगल्टिया, जगत सिंह महरा और खुशाल महरा मौके पर पहुंच गए। उन्हें देखकर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। कहना है कि बेहोशी की हालत में उन्होंने उसे बेस अस्पताल पहुंचाया। जहां उनके सिर पर टांके लगाए गए हैं। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों से जान का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# कोटद्वार में भाजपा ने की चुनाव तैयारी को समीक्षा बैठक

कोटद्वार। भाजपा की ओर से बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत विधानसभा कोटद्वार की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं के नए कार्ड बनवाने, सामान्य कार्यकर्ता को जिला व प्रदेश में जिम्मेदारी देने और वोटर लिस्ट से नाम हटवाने जैसे विषयों के सवालों का समाधान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह बिष्ट, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, जिला प्रभारी राकेश नैनवाल, मोर्चों के प्रभारी ऋषि कंडवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संगठन महामंत्री अजय कुमार ने कोटद्वार विधानसभा के 04 मंडलों, 35 शक्तिकेंद्रो, 140 बूथों एवम पन्ना प्रमुख के गठन की जानकारी ली तथा जिन केंद्रों में गठन नहीं हुआ है उन पर शीघ्र ही गठन करने के लिए निर्देशित किया। अजेय कुमार ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि बूथों के अध्यक्षों को ही मन की बात कार्यक्रम के संयोजक भी बनाने है ताकि प्रधानमंत्री की बात सीधे आम जन तक पहुंचे। कहा कि बूथ अध्यक्ष 11 लोगों को साथ लेकर कार्य करे तभी हम सफल होंगे।

कार्यशाला में जिला महामंत्री कमलेश कंडारी, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, जिला मंत्री विजयानंद पोखरियाल, सुरेंद्र आर्य, शांतनु रावत, गजेंद्र रावत, उमेश त्रिपाठी, नीना बेंजवाल, मंजू खंतवाल, माहेश्वरी बिष्ट, अनीता आर्य आदि मौजूद रहे।

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में 42 शिकायतें प्राप्त हुईं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून दिनांक 26 मार्च 2023, (जि.सू.का),राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में सम्मिलित कार्यक्रम “ सरकार जनता के द्वार' 'हमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश'' एवं 'हमारा संकल्प भयमुक्त समाज' के माध्यम से जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनमानस, अंत्योदय तक पहुंचाये जाने के उद्देश्य से मा0 मंत्री जी, वन, भाषा, निर्वाचन व तकनीकी शिक्षा/ प्रभारी मंत्री (देहरादून) श्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में आज विकास खण्ड सहसपुर के ग्राम कोटडा-कल्याणपुर विरसनी, कोटला चैक में जन समस्याओं की सुनवाई की गई। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में 42 शिकायतें प्राप्त हुई, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, राजस्व, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य, सिंचाई, पंचायती राज आदि विभागों से संबंधित प्राप्त हुई।



इस अवसर पर माननीय वन मंत्री श्री उनियाल ने कहां की सरकार जनमानस के प्रति संवेदनशील है, सरकार प्रत्येक क्षेत्र में कार्य करने वालों के लिए कार्य कर रही है, महिला, बच्चे, बुजुर्ग युवा सभी वर्गों के हितों के लिए गंभीर है। उन्होंने सरकार के एक साल पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धि 'एक साल बेमिसाल' का उल्लेख करते हुए कहा उनकी सरकार की नीति एवं नियत का उल्लेख करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने हेतु सरकारी विभागों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों दायित्व है कि वह सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस तक पंहुचाए, जिससे जनमानस सरकार की रोजगारपरक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सके। उन्होने कहा बिना जनमानस की सहभागिता योजना को धरातल पर उतारना कठिन होता है, इसके लिए जनमानस की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय युवाओं से सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना का लाभ लेने का अनुरोध किया जिससे युवा आत्मनिर्भर होंगे तथा अन्य को भी रोजगार देने वाले बनेंगे। कार्यक्रम में कृषि उद्यान पशुपालन विभाग से शिकायतें प्राप्त होने पर माननीय मंत्री जी ने हैरानी व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र लग रहा है क्षेत्र में शिकायत कृषि,उद्यान एवं पशुपालन से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त ना होना हैरानी करने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए सरकार ने कड़ा नकल विरोधी कानून लागू किया है, नकल में संलिप्त के लोगों को जेल में में डाला है। उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति आशावान होकर भाव, अभाव एवं प्रभाव के दृष्टिगत आते हैं इसलिए अधिकारी अपने स्तर पर क्षमता के अनुसार सम्बन्धित की शिकायतों पर कार्यवाही करें।



कार्यक्रम में बिजली की झूलती लाइनों की शिकायत पर माननीय मंत्री जी ने विद्युत विभाग को 15 दिन के भीतर विद्युत लाइन ठीक करने के निर्देश दिए। खेल मैदान निर्माण कराने के आवेदन पर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने तथा मिनी बैंक की स्थापना हेतु प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक को कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीण क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की शिकायत पर माननीय मंत्री ने जिला पंचायत राज अधिकारी से जानकारी प्राप्त करने पर जिला पंचायतराज अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि ग्रामीण स्तर पर ही कूड़े के निस्तारण हेतु व्यवस्था बनाई जा रही है। बाहरी लोगों द्वारा कूड़ा फैलाने की शिकायत पर जानकारी देते हुए बताया गया कि ग्राम प्रधान को अधिकार दिए गए हैं प्रथम बार कूड़ा फैलाने पर समझाने अथवा चालान के साथ ही दूसरी बार 1000 का जुर्माना यदि बार-बार कोई इस प्रकार के कृत्य कर रहा है तो पुलिस में भी इसकी रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है।

माननीय विधायक सहसपुर सहदेव सिंह पुण्डीर ने माननीय मंत्री का कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पर आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि सरकार जनता के द्वार एवं बहुउद्देशीय शिविर के आयोजन का उद्देशीय है कि जो लोग अधिकारियों तक नहीं पहुच पाते उनकी शिकायतों का निस्तारण ग्राम एवं स्थानीय स्तर पर हो सके सरकार इसके लिए संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर सचिव पेयजल नितेश झा ने माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा हर घर नल एवं हर घर जल योजना का उद्देश्य गुणवत्तापूर्वक पेयजल उपलब्ध कराना है उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति 55 ली0 जल की आवश्यकता होती है उन्होंने जनमानस से अनुरोध किया जल संरक्षित करें सहसपुर क्षेत्र में 57 योजना संचालित हैं सहसपुर अन्तर्गत राजस्व ग्राम में लगभग रू0 135 करोड़ पेयजल योजनाओं हेतु स्वीकृत है। उन्होंने जनमानस से जल संवर्द्धन करने तथा आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करने की अपेक्षा की। उन्होंने स्वच्छता एवं पेयजल स्वच्छता हेतु जनमानस को जागरूक करने की अपेक्षा की। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कहा कि सरकार जनता के द्वार में जो शिकायतें प्राप्त हुई हैं उनका विभागों के साथ समन्वय कर निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम में प्राप्त हुई शिकायतों को त्वरित निस्तारित करें। साथ ही माननीय मंत्री जी द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करते हुए समस्याओं को निस्तारित करें। इस अवसर पर सचिव नितेश झा, जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, अधीक्षण अभियन्ता जल संस्थान नमित रमोला, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विद्याधर कापड़ी, पंचायतीराज अधिकारी विद्या सिंह सोनवाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरि, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला अक्षय ऊर्जा वन्दना, जिला युवा कल्याण अधिकारी चमन सिंह चैहान, जिला पंचायत सदस्य खेमलता नेगी, जिला अध्यक्ष देहरादून ग्रामीण मिता सिंह, मण्डल अध्यक्ष प्रमोद सिंह, ग्राम प्रधान कोटड़ा बनार सिंह, जिाल योजना सदस्य यशपाल नेगी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# योजना के तहत अपने विद्युत बिलों में छूट का लाभ उठाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेष को हरित ऊर्जा के क्षेत्र में नई दिषा देने की राह में यूपीसीएल हमेषा से प्रयासरत रहा है। इस क्रम में केन्द्र सरकार की रूफ टॉप सोलर द्वितीय चरण योजना एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेष में यूपीसीएल इस योजना के क्रियान्वयन हेतु एक नोडल इकाई के रूप में कार्य कर रहा है। इस योजना के अन्तर्गत घरेलू श्रेणी के उपभोक्ता स्वयं ऊर्जा उत्पादन करने के साथ-साथ अपने विद्युत बिलों की धनराषि कम कर लाभ उठा सकते हैं। इस योजना में सोलर रूफ टॉप संयत्र स्थापित करने हेतु घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं को व्यय में अनुदान दिया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिये केन्द्रीय वित्तीय सहायता के तहत 03 किलोवाट तक की क्षमता वाले संयत्र के लिये रू0 17662ध्ज्ञॅ तथा 03 किलोवाट से ज्यादा एवं 10 किलोवाट तक की क्षमता वाले संयत्र के लिये रू0 8831ध्ज्ञॅ की वित्तीय सहायता दी जा रही है।



योजना का लाभ लेने के लिये उपभोक्ता नेषनल पोर्टल माध्यम से सीधे आवेदन कर सकते हैं। साथ ही योजना से जुड़ी नीतियों की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। यूपीसीएल आवेदनकर्ता द्वारा भरे गये प्रपत्र का अवलोकन कर तकनीकी स्वीकृति प्रदान करता है तत्पष्चात संयत्र को ग्रिड से जोड़ दिया जाता है। वर्तमान में इस योजना के अन्तर्गत 138 लाभार्थियों के छतों पर कुल 1346 ज्ञॅच क्षमता के संयत्र लगाये जा चुके हैं तथा योजना के तहत अपने विद्युत बिलों में छूट का लाभ उठा रहे हैं।

प्रदेष के सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि योजना में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर लाभ उठायें।

# वक्ताओं ने सनातनी संस्कारों के ह्रास पर जताई चिंता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में आयोजित वेद विभाग की संगोष्ठी में विद्वानों ने सनातनी संस्कारों के ह्रास होने पर चिंता जताते इनका वैज्ञानिक महत्त्व बताया। संगोष्ठी में विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से जुड़े विद्वानों ने 42 शोधपत्र पढक़र परिसर के विद्यार्थियों को लाभान्वित किया। श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में षोडशसंस्कारणां महत्त्वं प्रासंगिकता च विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में परिसर के पूर्व निदेशक प्रो. बनमाली विश्वाल ने कहा कि हमें सनातनी संस्कारों को उसी रूप में ग्रहण करना चाहिए, जिसके लिए उनका प्रावधान किया गया है। बहु पत्नी व बहुपति प्रथा पर उन्होंने कहा कि वैदिक काल में इस परम्परा का प्रमाण मिलता है, परन्तु यह तात्कालिक परिस्थितियों के कारण था।

इसके बाद पौराणिक काल में कुछ राजा व अन्य लोग एक से अधिक पत्नियां रखते थे। इसका कारण वैदिक काल की परंपरा बताना गलत है। सारस्वत अतिथि पूर्व अधिष्ठाता कुरुक्षेत्र विवि प्रो. राजेश्वर प्रसाद मिश्र ने कहा कि सनातन धर्म में यूं तो 16 संस्कारों का प्रावधान है, परन्तु हम अब मुख्यतः दो ही का पालन करते हैं-पहला विवाह और दूसरा अंत्येष्टि। संस्कारों में विकृति आना पश्चिम सभ्यता का प्रभाव है। पूर्व धर्माधिकारी श्री बदरीनाथ धाम आचार्य भुवनचंद्र उनियाल ने दशावतार का वर्णन करते हुए कहा कि बदरीनाथ में कभी बहुत विशाल विवि हुआ करता था। जहां दस हजार लोगों के रहने व भोजन की व्यवस्था थी। ज्योतिर्विद विनोद बिजल्वाण ने पंचगव्य का महत्त्व बताते हुए कहा कि इसके सेवन से संपूर्ण पाप नष्ट होते है। पंचगव्य पर शोध करने की आवश्यकता है, जिससे इसका लाभ मनुष्यों को मिल सके। संयोजक डॉ. शैलेन्द्र प्रसाद उनियाल ने संगोष्ठी का विवरण दिया। निदेशक प्रो. पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत के ऋषि-महात्माओं ने जो अमूल्य निधि विरासत में हमें सौंपी है, उसे संरक्षित कर आगे की पीढियों तक प्रसारित करना हमारा दायित्व है।

# केन्द्रीय रक्षा और पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने किया हवाई सेवा इंडिगो फ्लाइट का शुभारंभ






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रूद्रपुर/पंतनगर 26 मार्च, 2023- मा0 केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने रविवार को पंतनगर एयरपोर्ट पहुँचकर पंतनगर से जयपुर होते हुये अहमदाबाद जाने वाली हवाई सेवा इंडिगो फ्लाइट का फीता व केक काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान श्री भट्ट ने हल्द्वानी निवासी यात्री श्रीमती एस.लता व बीरपाल सिंह को हवाई टिकट दिये एवं पुष्प देकर स्वागत किया।

श्री भट्ट ने हवाई सेवा प्रारम्भ होने पर इंडिगो परिवार को बधाई दी। उन्होने कहा कि हम पहले से ही प्रयासरत थे कि देश के कोने-कोने तक फ्लाइट चले इसी कड़ी में आज जयपुर होते हुये अहमदाबाद के लिये प्रारम्भ किया है। उन्होने कहा कि जयपुर व उत्तराखण्ड में पर्यटक बहुत बड़ी संख्या में आते है। उन्होने कहा कि पर्यटकों के साथ-साथ व्यापारियों व अन्य कारोबारियों को आने-जाने में सुविधा होगी और पर्यटन की दृष्टि से प्रदेश की चहुमुखी उन्नति भी होगी। उन्होने कहा कि हमने पहले देहरादून से फ्लाइट प्रारम्भ किया था तो बड़ी मुस्किल से यात्री हो पाते थे और आज दो दर्जन से भी अधिक फ्लाइट चल रही है। उन्होने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट को उसी तर्ज पर विकसित करने के लिये विस्तारीकरण की कार्यवाही भी चल रही है। उन्होने का कि हवाई सेवा प्रारम्भ होने से बड़ी संख्या में यहा यात्री आयेगें और आज भी बड़ी संख्या में यात्रियों का रिजर्वेशन था हमने उसकी शुरूआत भी की है। उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री मोदी जी का जो सपना है कि जगह-जगह हवाई सेवा से जोड़ना है और अब उसी कड़ी में जगह-जगह हवाई सेवा से जोड़ा जा रहा है।



उन्होने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री व मा0 मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में चारधाम यात्रा एवं पर्यटन के क्षेत्र में अनेकों कार्य किये जा रहे है। उन्होने कहा कि यहा से विभिन्न जगहो के लिये फ्लाइट प्रारम्भ होने से टेक्सी चालकों व अन्य बेरोजगारों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होने कहा कि यह फ्लाइट प्रतिदिन और निरन्तर यहा से चलेगी। उन्होने कहा कि यह एक बड़ी उपलब्धी है जो हमने एक और फ्लाइट प्रारम्भ कर एक और आयाम आज जुड़ गया हैं। उन्होने कहा कि दिल्ली से पंतनगर के लिये पहले एक फ्लाइट थी अब दो फ्लाइट प्रतिदिन हो गयी है। उन्होने कहा कि हमारे प्रदेश में आने के लिये अनेकों लोग तमन्ना रखते है और उनके पास आने-जाने के संचाधन नही होते है उसमे एक आयाम आज जोड़ दिया गया है।

इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, अमित नारंग, सासंद प्रतिनिधि विपिन जल्होत्रा आदि उपस्थित थे।

# चमोली पुलिस ने द इंडियन एकेडमी कर्णप्रयाग में आयोजित किया बहुउद्देशीय संयुक्त जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

27 मार्च : चमोली पुलिस अध्यक्ष प्रमेन्द्र डोभाल के निर्देशानुसार जनपद पुलिस द्वारा द इंडियन एकेडमी कर्णप्रयाग में आयोजित बहुउद्देशीय जागरूकता कार्यक्रम में लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस बल द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर अपराध, नशे के दुष्परिणाम, यातायात नियमों, महिला अपराधों का पालन के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

यातायात निरीक्षक श्री प्रवीण आलोक द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि अपने बच्चों की उन्हीं इच्छाओं को पूरा करें, जो जायज हों। नाबालिक बच्चों को वाहन संचालन करने के प्रति हतोत्साहित करें। सड़क पर चलते हुए यातायात नियमों के अनुरूप वाहन का संचालन करें, शराब पीकर वाहन का संचालन न करने व वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाने के बारे में बताया। साथ ही लोगों को गुड सेमेरिटन स्कीम की जानकारी दी गयी। अवगत कराया गया कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर आप लोग भी तुरन्त आगे आकर पीड़ित की मदद करें, इससे पुण्य काम क्या होगा कि आपकी वजह से किसी को जीवनदान मिल सके। ऐसे मददगार लोगों को जनपद पुलिस द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।



एस0ओ0जी0/साइबर सेल प्रभारी नवनीत भंडारी द्वारा आमजन को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, लोगों में बढ़ती नशाखोरी की प्रवृत्ति व उससे होने वाले घातक नुकसान आदि के बारे में बताने के साथ ही ₹online खरीदारी अथवा ट्रांजेक्शन₹ के समय की जाने वाली छोटी-बड़ी गलतियां, अनजान लिंक, एवं साइबर अपराध के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया। कहा कि आज देश में डिजिटल लेनदेन का बहुत बढ़ावा हुआ है और उतनी ही तेजी से ठगी के नए तरीके इजाद किए गए हैं। खुद को साइबर ठगी से बचने के लिए किसी भी प्रकार की संदिग्ध ऐप को डाउनलोड न करेंगे किसी को पासवर्ड न बताएं। नशे के खिलाफ अभियान के तहत नवनीत भंडारी ने कहा कि कोई नशीले पदार्थ बेचता है, तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

महिला हेल्पलाइन प्रभारी मीता गुसांई द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध व घरेलू हिंसा के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया गया कि महिलाओं के लिए सशक्त कानून बने हुए हैं, आज की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के बराबर हैं। इस अवसर पर महिलाओं की संगिनी गौरा शक्ति मॉड्यूल के बारे में भी जानकारी दी गयी। बताया गया कि हर किसी को अपने घर परिवार से ही अपनी बच्चियों को आगे बढ़ाना है, उन्हें मजबूत और स्वावलंबी बनाना है। अवगत कराया गया कि हमारे जनपद पुलिस के स्तर से एक साझा प्रयास अभियान चलाया जा रहा है जिसमें स्कूल की बालिकाओं को आत्मरक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिमरनजीत कौर नें विधिक सेवाओं की जानकारी देते हुए विधिक सेवाओं से संबंधित योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार व स्थानीय व्यक्तियों का भी अच्छा सहयोग रहा।

स्थानीय व्यक्तियों द्वारा चमोली पुलिस की इस सार्थक पहल को लोगों द्वारा सराहते हुए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने का आग्रह किया गया। जनपद चमोली पुलिस द्वारा निरन्तर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।इस अवसर पर मुनेन्द्र खण्डूरी डायरेक्टर द इंडियन एकेडमी, द इंडियन एकेडमी गीता खण्डूरी प्रधानाचार्य व स्थानीय व्यक्ति मौजूद रहे।

# क्या रमजान के दौरान ब्रश करने से टूट जाता है रोजा ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




ब्यूरो रिपोर्ट , 27 मार्च , इस्लाम को मानने वाले लोग रमजान को अल्लाह या खुदा की इबादत का महीना कहते हैं। इस्लाम में इसे सबसे पवित्र महीना माना गया है लेकिन बहुत से लोग इसे केवल खाना-पीना छोड़ देना ही समझते हैं। रोजा का मतलब केवल खाना-पीना छोड़ना भर नहीं है। इस्लाम को जानने वाले लोग बताते हैं कि रमजान का पूरा महीना एक बेहतर इंसान बनने का लगातार अभ्यास है। रमजान के महीने में रोजा दिन के पहले पहर (सहरी) से शुरू हो जाता है और दिन के अंतिम पहर सूर्यास्त (इफ्तार) पर खत्म होता है। इस दौरान रोजेदार अन्न-जल ग्रहण नहीं करते हैं। रोजा को लेकर हमारे सामने कई तरह के भ्रम आते रहते हैं। कई ऐसे मिथक और धारणाएं हैं जिन पर लोगों की राय अलग-अलग दिखाई पड़ती है। ऐसे ही एक मिथक के बारे में आज हम आपको बताने जा रहे हैं—

**क्या रमजान में ब्रश करने से रोजा टूट जाता है ?**

अधिकांश इस्लाम के जानकार इस बात से असहमत रहते हैं कि रोजा के दौरान दांतों को ब्रश करने से रोजा टूट जाता है। वे इसके साथ ही कहते हैं कि रोजे के दौरान हमें ब्रश करते समय सावधानी बरतनी चाहिए कि कोई टूटपेस्ट का टुकड़ा हम निगल ना जाएं। यदि आप सावधानी से टूथपेस्ट करते हैं और ब्रश करने के बाद अच्छे से कुल्ला कर लेते हैं तो रोजे के दौरान ब्रश करना एकदम सही है। यदि आप रोजे के दौरान अपने दांतों की सफाई को लेकर चिंता में हैं तो इन तरीकों को फॉलो कर अपने दांतों को रख सकते हैं साफ और मजबूत।

**मिस्वाक की दातुन**

दुनिया भर के लोग हजारों सालों से अपने दांतों की सफाई के लिए 'मिस्वाक' पौधे की जड़ तथा टहनियों का प्रयोग करते आ रहे हैं। इसकी जड़ और टहनियों को दांतुन की तरह चबाकर प्रयोग किया जाता है। कई वैज्ञानिक शोध में सामने आया है कि मिस्वाक में एंटीबैक्टीरियल, एंटीफंगल और एंटीप्लांक जैसे गुण होते हैं जो हमारे दांतो की सफाई का काम टूथब्रश से भी बेहतर तरीके से करता है।

**इफ्तार के बाद और सहरी से पहले कर लें ब्रश**

रमजान के माह में आप अपने सहरी और इफ्तार से साथ-साथ अपने रात के खाने और सोने का समय भी तय करें। रोजे के दौरान ब्रश करने से बचें उसकी जगह आप सबुह सहरी से पहले और रात को इफ्तार के बाद ब्रश कर सकें तो ये आपके लिए सबसे अच्छा रहेगा।

**सहरी और इफ्तार लें बैलेंस डाइट**

रमजान में रोजे के अलावा अतिरिक्त समय में पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं जिसे आपको रोजे के दौरान डिहाईड्रेशन की समस्या का सामना ना करना पड़े। इफ्तार और सहरी में अधिक मसालेदार और चाय, कॉफी जैसे खाद्य पदार्थों को खाने से बचें। बल्कि सहरी और इफ्तार की डाइट में अधिक मात्रा में फल, सब्जियां और ड्राईफ्रूट्स शामिल हों जिससे हमारे शरीर को प्रोटीन और विटामिन्स की पूर्ति होती रहे।

# इफ्तार में जरूर शामिल करें मोहब्बत का शरबत



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 27 मार्च , रमजान शुरू हो चुका है. रोजे के दौरान पूरे दिन ना तो आप पानी पी सकते हैं और ना ही कुछ खा सकते हैं. शाम में सूरज डूबने के बाद यानी मगरिब के अजान के बाद इफ्तारी की जाती है.अब जाहिर सी बात है कि दिन भर पानी का एक कतरा नहीं पीने से शरीर डिहाइड्रेट रहता है और थकान भी खूब रहती है. इसलिए इफ्तार के वक्त पेय पदार्थों पर खास ध्यान देना चाहिए. ऐसे में हम आपको कुछ फायदेमंद शरबत के बारे में बता रहे हैं, जिसे पीने से आपकी थकान चुटकियों में दूर हो सकती है और आपको डिहाइड्रेशन का भी खतरा नहीं रहता..आइए जानते हैं इन शरबतों के बारे में...

फालसे का शरबत- इफ्तार के वक्त आप फालसे का शरबत पी सकते हैं. ये काफी पौष्टिक फल होता है, जो शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है. पहले तो ये शरबत पीने से प्यास कम लगती है और आप को इससे जबरदस्त ऊर्जा मिलती है. गर्मियों में पेट में होने वाली जलन से भी छुटकारा मिलता है.खस का शरबत-इफ्तार के वक्त आप खस का शरबत भी पी सकते हैं.यह शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है इसको पीने से शरीर हेल्दी रहता है. सबसे अच्छी बात यह है कि इससे कमजोरी दूर होती है और आप दूसरे दिन रोजा रखने के लिए खुद को तैयार कर पाते हैं.चंदन का शरबत-इफ्तारी के लिए चंदन का शरबत भी एक हेल्दी ऑप्शन है. इसके सेवन से शरीर में ठंडक पहुंचती है.शरीर हाइड्रेट रहता है.गर्मियों के मौसम में इसका सेवन करने से लू और पेट संबंधी बीमारियों से भी बचा जा सकता है.

मुहब्बत का शरबत-आप इफ्तार के लिए मोहब्बत का शरबत भी ऐड कर सकते हैं. यह रूह अफजा, तरबूज, दूध और बर्फ के टुकड़ों से बना एक स्वादिष्ट ड्रिंक होता है. इसे पीने से दिन भर की थकान दूर होती है और आप पूरी तरह से रिफ्रेश हो जाते हैं.रोज शरबत-इफ्तार में आप रोज शरबत भी पी सकते हैं. इसमें सोडियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटेशियम सल्फर और फास्फोरस जैसे कूलिंग मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को राहत पहुंचाते हैं. रोजे की वजह से शरीर में जो पानी की कमी होती है वो इस ड्रिंक को पीने के बाद मेंटेन हो जाती है.




## संपादकीय

# सरसों के उत्पादन पर जोर देना जरूरी

अधिकतर खाद्यान्न के उत्पादन में हमारा देश न केवल आत्मनिर्भरता को प्राप्त कर चुका है, अपितु वैश्विक बाजार में भी अपना दबदबा बनाये हुए है, लेकिन दलहन व तिलहन में हम दूसरे देशों पर निर्भर हैं. इसका मुख्य कारण इन फसलों के क्षेत्रफल का कम होना है. दलहनी एवं तिलहनी फसलों पर अपेक्षित शोध भी नहीं किया गया है. अब सरकार ने इस दिशा में कोशिश प्रारंभ की है. इसी पहल के तहत इन फसलों पर भी समर्थन मूल्य देने की प्रक्रिया शुरू की गयी है. कृषि वैज्ञानिकों ने अपना शोध भी तसल्ली से प्रारंभ किया है. इसका लाभ भी दिखने लगा है. विगत कुछ वर्षों में तिलहन उत्पादन में काफी प्रगति हुई है. सरसों की खेती में कम लागत के साथ कम सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है. आजकल सरसों की खेती में किसान रुचि भी दिखा रहे हैं, क्योंकि इसमें नकदी फसलों की तरह मुनाफा होता है. आंकड़े बताते हैं कि देश में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष लगभग 21.70 किलोग्राम तेल की आवश्यकता होती है. इस मांग की पूर्ति के लिए देश को प्रतिवर्ष लगभग 33.20 मिलियन टन खाद्य तेल की जरूरत पड़ती है. देश में 2021-22 में प्राथमिक एवं द्वितीयक स्रोत के द्वारा लगभग 17.03 मिलियन टन तेल का उत्पादन हुआ था, जबकि 16.13 मिलियन टन आयात करना पड़ा था. इस अंतर को कम करना बहुत जरूरी है. हमारे देश में तिलहनी फसलों की खेती ज्यादातर वर्षा आधारित क्षेत्रों में की जाती है, जिसका कुल क्षेत्रफल लगभग 26 मिलियन हेक्टेयर है. क्षेत्रफल के हिसाब से कुल क्षेत्रफल के 34 प्रतिशत भाग में सोयाबीन, 27 प्रतिशत में मूंगफली एवं 27 प्रतिशत क्षेत्र में सरसों की खेती की जाती है, जबकि तिलहन के कुल उत्पादन में सरसों का योगदान 8.43 मिलियन टन है. सरसों के छह प्रमुख उत्पादक राज्य राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात एवं पश्चिम बंगाल हैं. पंजाब, बिहार, झारखंड, असम आदि में भी इसकी खेती अब बड़े पैमाने पर होने लगी है. सरसों फसल का करीब 25 प्रतिशत क्षेत्र असिंचित एवं वर्षाश्रित होने के कारण इन क्षेत्रों की औसत उपज कम है. खाद्य तेलों की मांग को पूरा करने के लिए सरसों के क्षेत्रफल एवं उत्पादन बढ़ाने पर जोर देने की आवश्यकता है. सरसों का उपयोग तेल एवं साग के लिए किया जाता है. इसके बीजों का उपयोग मसाले, अचार, साबुन, ग्लिसरॉल बनाने तथा इसकी खली का उपयोग पशुओं को खिलाने एवं जैविक खाद बनाने में होता है. औषधीय गुणों के कारण सरसों तेल अनेक रूपों में उपयोग में लाया जाता है.

# देवेंद्र रावत फिर बने प्रेस क्लब अध्यक्ष

उत्तरकाशी। जिला प्रेस क्लब चमोली के अध्यक्ष पद पर एक बार फिर देवेंद्र रावत अध्यक्ष व महामंत्री पर दिनेश जोशी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। 18 वर्षों बाद संपन्न प्रेस क्लब चमोली के चुनावों के तहत शनिवार को पर्वतीय पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष पिमोली की अध्यक्षता में क्लब की खुली बैठक आयोजित हुई जिसमें नई सदस्यता के मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार समीर बहुगुणा, सुभाष पिमोली, वीपी बरमोला, दिनेश जोशी एवं हरेंद्र बिष्ट की एक कमेटी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए देवेंद्र रावत ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया।जिस पर निर्वाचन अधिकारी डॉ उमाशंकर बिष्ट ने रावत को अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी। इसी तरह उपाध्यक्ष के तीन पदों पर तीन ही आवेदन बिके इसमें शेखर रावत, महिपाल गुसाईं व हरेंद्र सिंह बिष्ट महासचिव पद पर दिनेश जोशी, सचिव के चार पदों पर डॉ अवतार सिंह नेगी, महिपाल नेगी,हेम मिश्रा व जगदीश मेहता, कोषाध्यक्ष पद पर पुष्कर चौधरी भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। जबकि सक्रिय सदस्य के रूप में राजेंद्र असवाल, महावीर रावत,दिग्पाल गुसाईं, गोवर्धन डिमरी, ललिता प्रसाद लखेड़ा,वीपी बमोला,जोध सिंह रावत, भुपेंद्र लिंगवाल,बसंत शाह एवं धर्म सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

# चिन्यालीसौड़ में स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया

उत्तरकाशी। हिंदू नव वर्ष एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रथम सर संचालक एवं संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चिन्यालीसौड़ खंड के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संगठन द्वारा पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। रविवार को पथ संचलन के दौरान सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने झांकी और घोष (बैंड) का प्रदर्शन किया। उत्तरकाशी से आए जिला शारीरिक प्रमुख गीताराम पैन्यूली ने कहा कि संगठित होकर अपने भारत का खोया हुआ गौरव लौटाना एवं इसे एक राष्ट्र, श्रेष्ठ राष्ट्र बनाना तथा इसकी हिंदू संस्कृति एवं शिक्षा संस्कार को पुनर्जीवित करने का कार्य करेंगे।

# उत्तरकाशी में आकाशीय बिजली से भेड़ बकरियों की मौत

न्यूज वायरस नेटवर्क

उत्तरकाशी। डुंडा ब्लॉक के देवीधार स्थित खट्टू खाल में गत देर शाम आकाशीय बिजली गिरने से 188 भेड़ बकरियों की झुलसकर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि भटवाड़ी ब्लॉक में बार्सू गांव के कुछ परिवारों की बकरियां ऋषिकेश से वापस लौट रहीं थी, जो रास्ते में आकाशीय बिजली से झुलस गईं। सूचना मिलने के बाद रात में ही ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी विनीता रावत के फोन से सूचना देने के बाद डीएम अभिषेक रुहेला ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों, एसडीएम और आपदा प्रबंधन विभाग को घटनास्थल का मौका मुआयना के निर्देश दिए। सुबह घटना स्थल पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने मृत भेड़ बकरियों को निकालकर उनको पोस्टमार्टम के लिए उत्तरकाशी पहुंचाया।

जिले में पिछले कई दिनों से खराब मौसम के चलते दोपहर बाद रिमझिम बारिश का दौर लगातार जारी है। बीती शनिवार की रात बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से यहां डुंडा खट्टू खाल में सैकड़ों भेड़ बकरियां झुलस गईं। रात में करीब 300 से ज्यादा बकरियों की झुलसकर मौत की सूचना दी गई। रविवार को सुबह पशुपालन विभाग की टीम घटना स्थल के लिए रवाना हुई। इसके बाद टीम ने घटनास्थल पर 148 बकरियों और 40 भेड़ को मृत पाया। जिनको पोस्टमार्टम के लिए ज्ञानसू स्थित वेटेनरी हॉस्पिटल लाया गया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ भरतदत्त ढौंडियाल ने बताया कि घटनास्थल पर कुल 1200 भेड़ बकरियां थीं, जिनमें से कुल 188 भेड़ बकरियों की मौत हुई है। इससे 15 परिवार प्रभावित हुए हैं। शासन को नुकसान की रिपोर्ट भेज दी है। वहीं, भटवाड़ी ब्लॉक प्रमुख विनीता रावत तथा बीजेपी नेता जगमोहन सिंह रावत ने बताया कि शनिवार को देर शाम करीब 10.30 बजे ऋषिकेश से वापस लौटते वक्त खट्टू खाल गांव के पास आकाशीय बिजली गिरी। जिससे बड़ी पशु हानि हुई। उन्होंने पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा देने की मांग रखी।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मो.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक : आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मो.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002 RNI No. : UT-THIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# सेमिनार और प्रदर्शनी के माध्यम से बताई स्टार्टअप्स में महिलाओं की भूमिका






**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 27 मार्च :आधी आबादी' का क्या महत्व है इसको समय समय पर समझाने और याद दिलाने की आवश्यकता होती है ऐसे ही आवश्यकता को पूरा करने की कोशिश में संस्कृति विभाग ऑडिटोरियम में उत्तराखंड विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान केंद्र, दिव्य हिमगिरि और सोसाइटी फॉर रिसर्च एंड डेवलपमेंट एंड साइंस टेक्नोलॉजी एंड एग्रीकल्चर के संयुक्त तत्वावधान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विषय था 'स्टार्टअप्स में महिलाओं की भूमिका एवं ऐस टी ई एम एजुकेशन में महिलाओं की भूमिका; एवं महिला उद्यमी प्रदर्शनी तथा द्वितीय विज्ञान प्रयोगधर्मी महिला सम्मान विषय भी शामिल रहा.

कार्यक्रम की विशेषता अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अनुक्रम में रही. कार्यक्रम में मुख्य मेहमानों और वक्ताओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि महिलाएं भी एक बेहतर उद्यमी बन सकती हैं. आज महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार और ग़ैर सरकारी समूहों द्वारा कई प्रकार के प्रयासों को अंजाम दिया जा रहा है जिसके तहत उद्यमिता एक मुख्य घटक है. आवश्यकता है तो सिर्फ महिलाओं को एक बेहतर दिशा निर्देश की. आज की कि महिला कहीं भी पीछे नहीं है हर क्षेत्र में वो आगे बढ़ अपनी काबिलियत का परिचय दे रही हैं. इस तरह के कार्यक्रम समय अंतराल पर होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित हुए सभी अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण के लिए धामी सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना की.

कार्यक्रम में देहरादून के कई स्कूलों और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए और वक्ताओं को सुन महिला उद्यमिता को अपना कर आगे बढ़ाने के टिप्स से लाभान्वित हुए. कार्यक्रम के निवेदक के रूप में दिव्य हिमगिरि के सम्पादक कुंवर राज अस्थाना और यूसर्क देहरादून की निदेशक प्रो. डॉ. अनीता रावत ने भूमिका निभाई।

# अब उत्तराखंड में महिलाएं संभालेंगी पावर स्टेशन की कमान

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



देहरादून 27 मार्च : महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के समकक्ष खड़ी है, फिर भी ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। पावर सेक्टर एक ऐसा ही क्षेत्र है, जहां महिलाओं की भागीदारी सिर्फ ऑफिस तक सीमित दिखाई देती है। अब उत्तराखंड में पिटकुल ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक शानदार काम किया है। देहरादून के हर्रावाला स्थित 220 केवी सब स्टेशन को महिला कर्मियों को संचालित करेंगी। महिला कर्मियों ने प्रबंध निदेशक की अनूठी पहल का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। पावर कारपोरेशन आफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) ने महिला सशक्तिकरण के तहत यह कदम उठाया है। महिला कर्मचारियों के लिए पिटकुल मुख्यालय में शिशु गृह का निर्माण भी किया जाएगा। प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी ने 220 केवी उपकेंद्र आईआईटी हर्रावाला को पूर्णतः महिला कर्मियों की ओर से संचालित किए जाने की घोषणा की।

ये भी कहा कि कॉर्पोरेट मुख्यालय में कार्यरत महिलाओं के बच्चों के लिए शिशु गृह बनवाया जाएगा, ताकि बच्चों की अच्छी देखभाल की जा सके। राज्य सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पिटकुल ने भी अपने कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान पिटकुल प्रबंध निदेशक पीसी ध्यानी ने उपलब्धियों के साथ आगामी लक्ष्य गिनाए। उन्होंने कहा कि ओपीजीडब्ल्यू नेटवर्क पावर ग्रिड को लीज आउट किए जाने के बाद लगभग एक करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति होगी।

## संक्षिप्त खबरें

सूक्ष्म जैविकी बनाम आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज से

हरिद्वार। गुरुकुल कांगड़ी विवि के जीव विज्ञान संकाय के जंतु एवं पर्यावरण विभाग में 27- 29 मार्च तक सूक्ष्म जैविकी बनाम आधुनिक जैव प्रौद्योगिकी पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी वेदों में वर्णित माइक्रोबायोलॉजी, पर्यावरणीय सूक्ष्म जैविकी एवं आधुनिक बायोटेक्नोलॉजी तथा पर्यावरण के ज्वलंत मुद्दों पर आधारित होगी। संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रो. आरसी दुबे ने कहा कि वेदों में वर्णित जीवाणु, विषाणु एवं उनसे जनित बीमारियों के रोकथाम जैसी वैदिक सिद्धांत को आज के परिप्रेक्ष में कैसे आधुनिक जैव प्रोद्योगीकी के माध्यम से क्रांतिकारी बदलाव लाये जा सकते हैं, इस पर गहन मंथन होगा। उन्होंने कहा कि कोविड कालोपरांत इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है। कोविड काल में सम्पूर्ण विश्व ने भारत में वैदिक ज्ञान विज्ञान का उपयोग करके अपने आप को कोविड के भयंकर प्रकोप से सुरक्षित रखा। संगोष्ठी निदेशक प्रो. देवेन्द्र मालिक ने कहा कि इस संगोष्ठी में जीबी पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं जेएनयू आदि अनेक विश्वविद्यालयों एवं प्रतिष्ठित जैव संस्थानों के वरिष्ठ वैज्ञानिक, शिक्षाविद, पर्यावरणविद एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें 50 से अधिक विशेषज्ञ व विद्वान प्रतिभागियों से मंथन करेंगे।

### लोहावती नदी में चलाया स्वच्छता अभियान

चम्पावत। नमामि गंगे के तहत लोहावती नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, हिमवीर, छात्र-छात्राओं, आशा व आंगनबाड़ी कार्यत्रियों ने हिस्सा लिया। प्राचार्य डॉ. संगीता गुप्ता ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाई नोडल अधिकारी डॉ. सुमन पांडेय के नेतृत्व में लोहावती में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनएएस शिविरार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए एड्स की जानकारी दी। एकल गायन में मां शारदे संगीत विद्यालय के मयंक सामंत, ताशी पहले व दूसरे और कौशल म्यूजिक एकेडमी के नवनीत पांडेय तीसरे स्थान पर रहे। एकल नृत्य में रक्षिता जोशी पहले, भाविका पांडेय दूसरे और लक्षिता ढेक तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम में ऋषेश्वर प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रहलाद मेहता, पालिकाध्यक्ष गोविंद वर्मा, सचिन जोशी, राजू गडक़ोटी, डॉ.अनिता सिंह, डॉ.अर्चना त्रिपाठी, डॉ.लता कैड़ा, डॉ.कमलेश सक्टा, डॉ.रुचिर जोशी मौजूद रहे।

### एनएसएस शिविर जारी

चम्पावत। पॉलीटेक्निक का सात दिवसीय एनएसएस शिविर जारी है। स्वयं सेवकों ने गलचौड़ा बाबा मंदिर परिसर में बिखरे कूड़े का निस्तारण किया। प्राचार्य गोविंद बल्लभ थ्वाल के निर्देशन और कार्यक्रम अधिकारी वसीम अहमद के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयं सेवकों ने समूह बनाकर सुई पऊ, चनकांडे, चमनपुर के लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र में योग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार, संजय कुमार ने सहयोग दिया।

### दस पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर। पुलिस ने 10 पेटी अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा के निर्देश पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान कांडा पुलिस ने छीड़ पुल के पास यूके02ए, 0258 कार को रोका। कार की तलाशी ली गई। वाहन में सवार पिथौरागढ़ जिले के बेरीनगा निवासी कमलेश कुमार से पूछताछ की। चेकिंग के दौरान वाहन में 10 पेटियां यानी 120 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। 24 वर्षीय आरोपित को मय शराब के साथ कांडा थाना लाए। अभियान में थानाध्यक्ष खुशवंत सिंह,आरक्षी वीरेंद्र सिह, शेर अकबर खान, देवेश पांडे आदि शामिल थे।

### धूमधाम के साथ मनाई जाएगी आंबेडकर जयंती

बागेश्वर। आंबेडकर जयंती समारोह समिति की यहां आयोजित बैठक में आंबेडकर जयंती धूमधाम के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छोलिया नृत्य व शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। इस दौरान भाषण व निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि 14 अप्रैल को बाबा साहेब आंबेडर की 140वीं जयंती मनाई जाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया गया कि जयंती कार्यक्रम को विगत वर्षो की भांति धूमधाम से मनाया जाएगा।

# अखिल भारतीय संस्कृत शोध सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। श्रीभगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में तीन दिवसीय अखिल भारतीय संस्कृत शोध सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के पूर्व अध्यक्ष प्रो. वाचस्पति मिश्र ने कहा कि संस्कृत के विकास के बिना वसुधैव कुटुम्बकम्‍ की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने अनेक संस्कृत व अंग्रेजी के शब्दों का सम्बन्ध दिखाकर यह स्पष्ट किया कि संस्कृत भाषा का मूल ही यह स्पष्ट करता है कि यह वसुन्धरा एक परिवार है। देवप्रयागस्थ केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. पीवी सुब्रह्मण्यम्‍ ने कहा कि संस्कृत के शास्त्रों का इदन्न मम वचन ही समस्त संसार के कल्याण की भावना व्यक्त कर समस्त विश्व को परिवार के एक सूत्र में इक_ा करता है। उत्तराखण्ड संस्कृत विवि के कुलपति दिनेश चन्द्र शास्त्री ने कहा कि वेद सर्वे भवन्तु सुखिनः की कामना कर समस्त वसुधा को परिवार बनाता है। सारस्वतातिथि जिला संघ संचालक रोहिताश्व कुंवर ने कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार ही वसुधैव कुटुम्बकम्‍ है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में सर्वत्र समस्त धरा को परिवार माना है। उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा निदेशालय के निदेशक एसपी खाली ने कहा कि संस्कृत ज्ञान विज्ञान से सम्पन्न है। मेरा प्रयास है कि संस्कृत का उत्तराखंड में सतत विकास हो। उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद् के सचिव डॉ. वाजश्रवा आर्य ने विचार रखे। सहाचार्य निरंजन मिश्र शोध सम्मेलन 60 शोधपत्रों का वाचन हुआ। प्रथम सत्र अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, देवप्रयाग परिसर के प्रो. विजयपाल प्रचेता, मुख्य वक्ता के रूप में डा. शैलेश कुमार तिवारी ने विचार रखे। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता श्रीभगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य भोला झा ने की।

## बाराकोट में कोरोना के बाद फिर से होगा 108 कन्याओं का पूजन

चम्पावत। बाराकोट के प्रसिद्ध लड़ीधूरा मंदिर में कोरोना काल के बाद फिर से रामनवमी के दिन 108 कन्याओं को पूजन होगा। यह निर्णय लड़ीधूरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक समिति ने बैठक में किया। लड़ीधूरा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष नगेन्द्र जोशी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में रामनवमी के दिन 180 कन्याओं के पूजन की तैयारियों पर चर्चा की। समिति ने बताया कि वर्ष 2019 से कोरोना संक्रमण को देखते हुए यह कार्यक्रम स्थगित किया गया था। उन्होंने कहा कि अब स्थितियां सामान्य होने के बाद इस साल कन्या पूजन भव्य रुप से किया जाएगा। कन्या पूजन का उद्देश्य क्षेत्र में सुख समृद्धि और महिला सशक्तीकरण को बढावा देने के लिए किया जाता रहा है। इस मौके पर गोविंद बल्लभ जोशी, उमेश्वर सिंह अधिकारी ,केदार दत्त जोशी, प्रताप सिंह अधिकारी, कल्याण सिंह अधिकारी ,योगेश जोशी ,नारायण दत्त जोशी,केशव जोशी,महेश चंद्र जोशी, कमल सिंह अधिकारी, देवेंद्र सिंह अधिकारी मौजूद रहे।